रोजगार सृजन में कृषि की भूमिका पर एक दिवसीय कार्यशाला

पूर्वांचल प्रहरी कार्यालय संवाददाता

गुवाहाटी: रोजगार सृजन में कृषि की भूमिका पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग देबराज रॉय कॉलेज द्वारा गोलाघाट के जिला कृषि कार्यालय के सहयोग से संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में कालेज के प्रिंसिपल डॉ जयंत बारुकियल, वाइस प्रिंसिपल डॉ. जादुमोनी दास, अर्थशास्त्र के एचओडी देवोजीत फुकन, अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ हेमंत सैकिया और अर्थशास्त्र विभाग के 80 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। जिला कृषि कार्यालय गोलाघाट के चार कृषि अधिकारी कृष्ण रंजन सैकिया, रंजन बरुवा, अनुपम गोगोई, एवं संघमित्रा शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यशाला का नेतृत्व किया। कार्यशाला के दौरान कोविड-19 संकट के समय में कृषि क्षेत्र की भूमिका, द इनसाइड स्टोरी ऑफ साँइललेस एग्रीकल्चर, किसानों की सफलता की कहानियां, यंत्रीकृत कृषि, कृषि उत्पादों को फार्मास्यूटिकल्स और मूल्य वर्धित उत्पादों में कैसे परिवर्तित करें, सरकारी योजनाएं और विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित असम कृषि व्यवसाय और ग्रामीण परिवर्तन परियोजना के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।उल्लेखनीय है कि एपार्ट के अनुसंधान तकनीशियन गोलाघाट के अभिषेक सिंहा ने कार्यशाला के संबंध में लोगों से संपर्क एवं सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

News scrap of: Purvanchal Prahari, Date:11th April/2022, Page No:2

Talk on role of agriculture in employment generation

A CORRESPONDENT

GOLAGHAT, April 10: A day-long comprehensive workshop on role of agriculture in employment generation, hosted by the Department of Economics, Debraj Roy College, in collaboration with the District Agriculture Office of Golaghat, concluded at the conference hall of the Department of Economics, Debraj Roy College recently.

In statement said that Dr. Jayanta Barukial, Principal; Dr. Jadumoni Das, Vice-Principal; Devojit Phukan, Head of the Department of Economics; Dr. Hemanta Saikia: Assistant Professor of Department of Economics, and students of Department of Economics actively attended this prolific workshop as invitees and attendees.

Four agricultural officers of the District Agriculture Office of Golaghat led the workshop as key speakers. The officers were Krishna Ranjan Saikia: Subdivisional Agricultural Officer, Golaghat HQ; Ranjan Baruah, Assistant Chemist (AGMARK)-cum-District Nodal Officer of APART Project- Golaghat; Anupam Gogoi, District Agricultural Information Officer, and Sanghamitra Sarmah, Agricultural Development Officer of Morongi Circle.

The topics that were covered in this workshop included – Agriculture in the time of COVID-19 crisis; The Inside Story of Soilless Agriculture; Success stories of farmers to boost and inspire the budding brains; Mechanized Agriculture: How to transform agricultural produce into Pharmaceuticals and Value-added Products; Government schemes and about the World Bank-funded Assam Agribusiness and Rural Transformation (APART) Project.

Speaking at the closing ceremony of the workshop, Devojit Phukan stated, "We are proud of this collaboration between Debraj Roy College and District Agriculture Office of Golaghat. Our efforts are geared towards addressing the issue of food security."

News scrap of: The Sentinel
11th April/2022, Page No:5

डीआर कॉलेज में कृषि से रोजगार सृजन पर कार्यशाला

गोलाघाट, 8 अप्रैल (वि.सं.)। गोलाघाट देवराज राय कॉलेज में आज कृषि के माध्यम से रोजगार सृजन की संभावना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जयंत बरुकियाल ने स्वागत भाषण दिया। वहीं अर्थशास्त्र विभाग के प्रमुख प्रो. देवजीत फूकन द्वारा कार्यशाला की अध्यक्षता की गई। गोलाघाट कृषि विभाग के सहकारी कृषि अधिकारी कृष्ण बोरा ने कृषि पद्धति पर अपने विचार रखे। उन्होंने कृषि के आधुनिकीकरण के महत्व और वैज्ञानिक कृषि विधियों के माध्यम से रोजगार सृजन की संभावना पर वक्तव्य दिया। जिला नोडल अधिकारी रंजन बरुवा ने बताया कि कैसे छात्र बागवानी के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने मधुमक्खी पालन, मछली पालन, सूअर पालन आदि के बारे में भी बताया। कृषि विशेषज्ञ संघमित्रा शर्मा ने कई आदर्श किसानों की सफलता की गाथाओं का हवाला देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। जिला कृषि सूचना अधिकारी अनुपम गोगोई ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। इस मौके पर अर्थनीति विभाग के डॉ. हिमंत सइकिया ने कार्यशाला का संचालन किया।